दिल्ली ने प्लेऑफ में जगह की पक्की

दिल्ली के आलराउंड प्रदर्शन से लखनऊ चारों खाने चित

लखनऊ 22 अप्रैल (वार्ता) मुकेश कुमार (33 रन पर चार विकेट) के बाद अभिषेक पोरल (51) और केएल राहुल (57 नाबाद) के शानदार अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 40वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 13 गेंद शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया।

इस जीत के साथ दिल्ली ने गुजरात जायंट्स के बाद प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर ली है। एलएसजी ने पहले खेलते हुये 159 रन बनाये जिसके जवाब में दिल्ली ने विजय लक्ष्य दो विकेट खोकर पूरा कर लिया। दिल्ली के मुकेश कुमार ने धारदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये मेजबान टीम को सामान्य स्कोर पर सीमित कर दिया जबकि

- जीरो पर आउट हुए कप्तान ऋषभ पंत
- मुकेश कुमार ने 33 रन देकर झटके 4 विकेट

बाद में अभिषेक और करुण नायर (15) ने अपनी टीम के लिये तेज शुरुआत की जबकि बाद में केएल राहुल और कप्तान अक्षर पटेल (34 नाबाद) ने विजय लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। अक्षर ने मात्र 20 गेंदो में एक चौके और चार आसमानी छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले केएल राहुल के साथ 56 रन की धुआंधार साझीदारी की। इससे पहले अभिषेक ने केएल राहुल के साथ 69 रन जुटा कर अपनी टीम की राह आसान कर दी थी। इससे पहले लखनऊ की ओर से एडन मारक्रम (52) और मिचेल मार्श (45) ने 87 रन की तेज भागीदारी कर अच्छी शुरुआत दी थी मगर मध्य क्रम के बल्लेबाज रन गति को हवा देने में विफल रहे और 20वें ओवर तक एलएसजी छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। कप्तान ऋषभ पंत शून्य पर पैवेलियन लौटे.

बुमराह और स्मृति मंधाना विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

विज़डन ने 2024 के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के रूप में किया सम्मानित

नयी दिल्ली, 22 अप्रैल (वार्ता) विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है।

वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके।

> महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

लीमा (पेरू), 22 अप्रैल.भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी

- सुरुचि इंदर सिंह ने दिलाए दो स्वर्ण
- भारत ने जीते कुल सात पदक
- दो स्वर्ण, चार रजत, एक कांस्य
- सुरुचि ने मनु भाकर को पछाड़ा
- ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक से चूकी

ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत

को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं।अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा।

चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते।उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया।सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

आईपीएल न खेलने का है मलाल : खान

मुरादाबाद, 22 अप्रैल.चोट की वजह से आईपीएल के मौजूदा संस्करण से बाहर हुए संभल के तेज गेंदबाज मोहसिन खान मुम्बई में सर्जरी कराकर घर लौट आए हैं। मोहसिन ने मंगलवार को मीडिया कर्मियों से कहा कि आईपीएल न खेल पाने का मलाल तो है, लेकिन वह सिर्फ मैदान से दूर हैं। उनका दिल अब भी टीम के साथ जु ?ा हुआ है। टीम उनके लिए परिवार की तरह है। टीम ने मुश्किल दौर में भी उनका साथ दिया है। वह रिकवर होकर उसी जोश के साथ मैदान में लौटेंगे।आईपीएल-2025 में चोटिल हुए तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने बीते 09 अप्रैल को मुंबई

एक नजर में

हरमनप्रीत बनीं क्रेक्स की ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली . दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है।क्रेक्स ने हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंकिंग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा, 卐मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवा लड़कियों को उनके क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेक्स की प्रतिबद्धता को देखना प्रेरणादायक है।

माइकल स्लेटर को चार साल जेल

सिडनी . पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा सहित कई मामलों में चार वर्ष के जेल की सजा सुनाई गई है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय तक जेल में रहने के कारण उनकी सजा निलंबित कर दिया गया हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्लेटर को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और जमानत नहीं मिलने के कारण वह तब से जेल में थे।55 वर्षीय स्लेटर को पीछा करने, एक महिला का गला दबाने और चोरी करने के मामलों सहित सात आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद मंगलवार को मारूचीडोर जिला न्यायालय के जज ग्लेन कैश ने चार वर्ष की सजा सुनाई। स्लेटर की सजा का शेष भाग पांच साल के लिए आंशिक रूप से निलंबित रहेगा। इस दौरान अगर वह कोई और गंभीर अपराध करता है तो उसे फिर से हिरासत में लिया जायेगा।

अमन सिवाच ने दिलाई मजबूत जीत

अम्मान (जॉर्डन), . भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की।पुरुषों के अंडर-17 के 63 किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया।पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है।पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

लेडी राम और रामजस की शानदार शुरुआत

नयी दिल्ली . लेडी राम कॉलेज और रामजस कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की।मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच एंड एयरफोर्स वेटेरियन प्रदीप तोमर और मेजबान गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।महिला वर्ग में लेडी राम कॉलेज ने किरोड़ी मल को 38-28 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की अन्वी को मिला। वहीं एक अन्य मैच में रामजस कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 39-28 से हराया और रामजस कॉलेज की अनीका को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। पुरुष वर्ग में हंसराज कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 54-40 से हराया और हंसराज कॉलेज के अनुभव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग के दूसरे मैच में किरोड़ी मल कॉलेज ने दयाल सिंह कॉलेज को 54-51 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच किरोड़ी मल कॉलेज के अनस बने। वहीं एक अन्य मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने भारत अकादमी को 69 -63 से हराया और विजई टीम के नितिन हुडा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

बल्लेबाजों का समर्थन जरूरी

ईडन गार्डन्स की पिच को नहीं माना जिम्मेदार

कोलकाता, 22 अप्रैल. कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने इस सत्र में आठ आईपीएल मैचों में फ्रेंचाइजी की पांचवीं हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी है लेकिन उन्होंने टीम की इस स्थिति के लिए ईडन गार्डन्स की बहुचर्चित पिच को दोष देने से इनकार कर दिया।

केकेआर को सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के हाथों 39 रन से हार का सामना करना पड़ा।ब्रावो ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में बताते हुए कहा, आईपीएल एक

कड़ा टूर्नामेंट है और जब आप अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है।

उन्होंने कहा,इस समय यही हो रहा है। इसलिए जैसा कि मैंने कहा, हमें बस उनका समर्थन करते रहना होगा.

क्रिस वुड ने दिलाई नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट को जीत

नई दिल्ली 22 अप्रैल. नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट के स्ट्राइकर क्रिस वुड ने टॉटनहम हॉटस्पर के खिलाफ महत्वपूर्ण 2-1 की अवे जीत में सीज़न का अपना 19वां प्रीमियर लीग गोल किया, जिससे उनकी टीम तीन पायदान ऊपर चढ़कर तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

लगातार लीग हार ने फ़ॉरेस्ट की चैंपियंस लीग क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को धीमा कर दिया था

> टॉटनहम ने अपनी खराब शुरुआत के बाद सुधार किया और रिचार्लिसन ने 87वें मिनट में मैटज़ सेल्स को हराकर एक शक्तिशाली हेडर से उनके दबाव का फल दिया, जिससे एक घबरा देने वाला अंत हुआ। हालांकि, फ़ॉरेस्ट ने 60 अंकों के साथ शीर्ष-पांच में जगह बनाने की दौड़ में चेल्सी, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल यूनाइटेड से ऊपर उठकर जीत हासिल की।

और उन्होंने दिन की शुरुआत छठे स्थान से की थी, लेकिन उन्होंने मुख्य रूप से उत्तरी लंदन में शानदार शुरुआत की बदौलत अपनी चुनौती को वापस पटरी पर ला दिया।

नुनो एस्पिरिटो सैंटो की टीम ने पांचवें मिनट में बढ़त बनाई जब एक कॉर्नर क्षेत्र के किनारे पर खड़े इलियट एंडरसन के पास गिरा और उनके शक्तिशाली डिफ्लेक्टेड ड्राइव ने नेट में जगह बना ली। न्यूजीलैंड के वुड का एक गोल वीएआर द्वारा मामूली ऑफसाइड निर्णय के कारण अमान्य कर दिया गया, इससे पहले कि उन्होंने 16वें मिनट में एंथोनी एलांगा के क्रॉस से एक शानदार हेडर के जरिए फ़ॉरेस्ट की बढ़त को दोगुना कर दिया।

शास्त्री क्लब ने सिटी एफसी को हराया

नयी दिल्ली 22 अप्रैल (वार्ता) डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा।

अभी अनौपचारिक कोचिंग से खुश : राडुकानु

- राडुकानु ने पूर्णकालिक कोच की तलाश रोकी
- मियामी में पेटचे के साथ अच्छा प्रदर्शन किया

लंदन, 22 अप्रैल (यूएनआई)एम्मा राडुकानु ने नए पूर्णकालिक कोच की तलाश रोक दी है। उन्होंने कहा कि वह मार्क पेटचे के साथ अपनी अंशकालिक साझेदारी जारी रखते हुए 卐चीजों को अनौपचारिक卐 रखने से खुश हैं।

पिछले महीने मियामी ओपन में राडुकानु ने ब्रिटिश टेनिस जगत

> राडुकानु, जो एक महीने के ब्रेक के बाद इस सप्ताह मैड्रिड ओपन में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी कर रही हैं, ने कहा कि पेटचे डब्ल्यूटीए 1000 क्ले-कोर्ट इवेंट में अपनी अन्य प्रतिबद्धताओं के साथ उन्हें 卐फिट卐 करेंगे।विश्व नंबर 49 राडुकानु ने कहा, 卐मैं अभी आगे की व्यवस्था से खुश हूं - यह अच्छी तरह से काम कर रहा है।卐 卐मैं उन्हें बहुत पसंद करती हूं और मैं उन्हें 2021 में यूएस ओपन [जीत] से पहले से जानती हूं और आसपास परिचित चेहरों का होना अच्छा लगता है।जनवरी से राडुकानु के पास कोई पूर्णकालिक कोच नहीं है, जब निक कैवेडे ने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ दिया था, और मियामी ओपन की पूर्व संध्या पर व्लादिमीर प्लेटनिक के साथ दो सप्ताह का ट्रायल समाप्त कर दिया था। उन्होंने पहले निगेल सियर्स, एंड्रयू रिचर्डसन - जो यूएस ओपन खिताब जीतने के दौरान प्रभारी थे - टॉर्बेन बेल्ट्ज़, दिमित्री तुर्सुनोव और साक्स सहित कई कोचों के साथ काम किया था।

डुप्लांटिस-बाइल्स को लॉरियस सम्मान

डुप्लांटिस ने जोकोविच-मैक्स को पछाड़ा

नई दिल्ली, 22 अप्रैल. मैड्रिड में आयोजित हुए 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स में खेल जगत की कई बड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में स्वीडन के पोल वॉल्ट खिलाड़ी आर्मंड

- यूसेन बोल्ट के बाद बने दूसरे एथलीट

डुप्लांटिस और अमेरिका की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

25 वर्षीय डुप्लांटिस ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच, फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन और फ्रांस के तैराक लियोन मार्चांद को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान हासिल किया। एथलेटिक्स में यह पुरस्कार पाने वाले वह यूसेन बोल्ट के बाद दूसरे खिलाड़ी बने। अमेरिका की प्रसिद्ध जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बाइल्स ने पेरिस ओलंपिक में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि प्राप्त की। बाइल्स ने यह पुरस्कार चौथी बार जीतकर सेरेना विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

उन्होंने कहा, 2017 में मैंने यह पुरस्कार पहली बार जीता था और तब से लॉरियस मेरी कहानी का हिस्सा रहा है। हो सकता है, कोई छोटी बच्ची मुझे टीवी पर देखकर यह सोच ले कि वह भी यह कर सकती है।

नडाल का भी सम्मान

टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके शानदार करियर के लिए खेल आइकन सम्मान से नवाजा गया।

भरोसा ▶ ऑस्ट्रेलिया दौरे में जगह बनाकर बेताब हैं खुद को साबित करने

हर पल करूंगी साबित खुद को : अजमीना कुजूर

पर्थ, 22 अप्रैल. जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं।

भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार 23 साल की कुजूर ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर कहा,मैं उनकी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे अब खेलने का मौका दिया है इसलिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दो साल पहले मैं सीनियर टीम के शिविर में थी,

लेकिन तब मुझे टीम में जगह नहीं मिली थी। अब मुझे मौका दिया गया है और मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि मैं इसका अधिक से अधिक फायदा उठाऊं। कुजूर ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू स्थित परिसर में सीनियर टीम के साथ अभ्यास कर रही थी।

> उन्होंने कहा,सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना शानदार अनुभव रहा। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रही हूं और आगे उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं। सभी ने एक-दूसरे के साथ अभ्यास का आनंद लिया है और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का समय आ गया है।कुजूर ने कहा,सीनियर खिलाड़ी वास्तव में मददगार हैं, विशेषकर सुशीला दी (सुशीला चानू) जिन्होंने शिविर के दौरान मेरा बहुत समर्थन किया। जब भी मैं कोई गलती करती हूं तो वह मुझे बताती हैं। उन्होंने मुझे सिखाया कि अपने मजबूत पक्ष के साथ कैसे खेलना है।उन्होंने कहा,जब भी मैं कोई गलती करती हूं तो उसके बारे में बहुत सोचने लग जाती हूं लेकिन सीनियर खिलाड़ियों ने इससे निपटने में मेरी बहुत मदद की.